ग्रीन शाहजहाँपुर
क्लीन शाहजहाँपुर

# नगर निगम, शाहजहाँपुर।

## प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक– 03.06.2021

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर
स्वच्छ शाहजहाँपुर
सुन्दर शाहजहाँपुर

## हारेगा कोरोना–जीतेगें हम

- कोविड–19 के दृष्टिगत मा0 राज्यपाल महोदया एवं मुख्यमंत्री जी उत्तर प्रदेश द्वारा आज दिनांक 03.06.2021 को नगर निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ वीडियों कान्फ्रेसिंग के माध्यम से वर्चुअल बैठक की गई।

- कोविड–19 के दृष्टिगत नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा जी द्वारा आज दिनांक 03.06.2021 को महानगर वासियों से की गई अपील।

- कोविड–19 के दृष्टिगत नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा द्वारा आज दिनांक 03.06.2021 दिन बृहस्पतिवार को नगर में बने कन्टेनमेंट जोन एवं नगर के अन्य क्षेत्रों में वृहद स्तर पर कराया गया सेनेटाइजेशन का कार्य।

- नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा जी के निर्देश पर कोविड–19 एवं बरसात से पूर्व नगर क्षेत्र में युद्ध स्तर पर चल रहा है नालों एवं डीप ड्रेन की सफाई का कार्य।

1. कोविड–19 के दृष्टिगत मा0 राज्यपाल महोदया एवं मुख्यमंत्री जी उत्तर प्रदेश द्वारा आज दिनांक 03.06.2021 को कोविड–19 एवं अन्य संचारी रोगों की रोकथाम के दृष्टिगत नगर में संपादित किये जा रहे कार्यो के संबन्ध में नगर निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ वीडियों कान्फ्रेसिंग के माध्यम से वर्चुअल बैठक की गई। वर्चुअल बैठक में मा0 राज्यपाल महोदया एवं मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा नगर में संपादित किये जा रहे कार्यो जैसे– विशेष सफाई अभियान चलाकर सफाई व्यवस्था, सेनेटाइजेशन की कार्यवाही, ग्रीष्म एवं वर्षा ऋतु के दृष्टिगत नगर में शुद्व पेयजलापूर्ति एवं नाला–नालियों की साफ–सफाई व्यवस्था, मोहल्ला निगरानी समिति की गतिविधियों व नगर क्षेत्र में बने स्वास्थ्य केन्द्रों पर कराये जा रहे सेनेटाइजेशन इत्यादि के संबन्ध में चर्चा की गई। वर्चुअल बैठक में नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा जी द्वारा अवगत कराया गया कि नगर में आमजन को कोविड–19 के संक्रमण से बचाव हेतु नगर में नियमित रुप से चरणबद्व तरीके से सेनेटाईजेशन का कार्य, फागिंग, एण्टीलार्वा का छिड़काव व विशेष सफाई अभियान के अन्तर्गत सफाई का कार्य कराया जा रहा है। इसके साथ ही कोविड–19 के दृष्टिगत व बरसात से पूर्व नगर के विभिन्न क्षेत्रों में बने नालों की हो रही सफाई के बारे में भी अवगत कराया गया। साथ ही अवगत कराया गया कि नगर के विभिन्न क्षेत्रों में बनाई गई मोहल्ला निगरानी समिति के द्वारा अपने–अपने क्षेत्रों में बाहर से आने वाले प्रवासी व्यक्तियों पर निगरानी रखने व बाहर से आने वाले प्रवासी व्यक्तियों की जॉच की जाती है व जिनमें कोविड–19 के लक्षण पाये जाते है, उनको उपलब्ध कराई गई किटों को वितरित कर दिया जाता है। बैठक में यह भी अवगत कराया गया कि नगर क्षेत्र में बने स्वास्थ्य केन्द्रों पर प्रत्येक शनिवार, रविवार व सोमवार को सेनेटाइजेशन व साफ–सफाई का कार्य कराया जाता है। मा0 राज्यपाल महोदया एवं मुख्यमंत्री जी द्वारा नगर में कोविड–19 के संक्रमण के प्रभाव को कम करने के लिये नगर निगम के द्वारा अब तक कराये गये कार्यो को संतोषजनक पाया गया व नगर निगम के अधिकारियों व कर्मचारियों की प्रशंसा की गई। साथ ही वर्चुअल बैठक के माध्यम से मा0 राज्यपाल महोदया एवं मुख्यमुत्री जी द्वारा निर्देशित किया गया कि कोविड–19 के दृष्टिगत रखते हुये किसी भी कार्य में लापरवाही न बरती जायें। वर्चुअल बैठक में मा0 मुख्यमंत्री श्री आदित्यनाथ जी द्वारा नगर निकाय के जनप्रतिनिधियों से अपील की गई कि अपने क्षेत्र की पी.एच.सी. व सी.एच.सी. को गोद लेने व उसकी व्यवस्था अपनी देखरेख में दुरस्त रखे। इसी प्रकार प्रत्येक गायें गोद लेने व उनकी देखभाल के लिये भी कहा गया। वर्चुअल बैठक में नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा, अपर नगर आयुक्त एस0के0 सिंह, सहायक नगर आयुक्त रश्मि भारती, मुख्य अभियंता दिनेश चन्द्र सचान, लेखाधिकारी सी0पी0 मौर्य, कर निर्धारण अधिकारी भूपेन्द्र सिंह विषेन, कर अधीक्षक रामसेवक राम, डी0पी0एम0 सैफ सिद्दकी, समस्त सफाई एवं खाद्य निरीक्षक उपस्थित रहे।

2. कोविड–19 के दृष्टिगत नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा जी द्वारा आज दिनांक 03.06.2021 को महानगर वासियों से अपील की गई। कोविड–19 के संक्रमण को कम होते देख शासन द्वारा लाकडाउन में ढील देने के उपरान्त नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा जी द्वारा सभी महानगरवासियों से कोविड–19 की गाइडलाइन का पालन करने व फेस मास्क का उपयोग, समय–समय पर साबुन व हैण्ड सेनेटाइजर से हाथ धोने एवं एक–दूसरे से कम से कम 02 गज की दूरी बनाये रखने की अपील की गई, जिससे कोविड–19 महामारी के सक्रमण से बचाव किया जा सकें। इसके साथ ही अपील की गई कि जितना सम्भव हो अपने– अपने घरों पर ही सरक्षित रहे व एक जगह अनावश्यक भीड़ न लगाये, जिससे कोविड–19 के सक्रमण को फैलने से रोका जा सकें।

3. कोविड–19 महामारी के दृष्टिगत नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा के निर्देश के क्रम में कोविड–19 के बढ़ते संक्रमण को कम किये जाने के उददेश्य से नगर निगम द्वारा नगर में नियमित रुप से सेनेटाइजेशन का कार्य किया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत नगर निगम के 60 वार्डो के अन्तर्गत आने वाले क्षेत्र एवं मलिन बस्तियो में विशेष सफाई एवं सेनेटाइजेशन का अभियान संचालित गया है। इसी क्रम में नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा के निर्देश पर आज दिनांक 03.06.2021 को नगर में विशेष सेनेटाइजेशन अभियान संचालित किया गया। जिसके अन्तर्गत जोन–1 में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री पवन कुमार द्वारा कचहरी, कलेक्ट्रेट, विकास भवन, ऑफीसर्स कॉलोनी, इन्दिरा नगर कॉलोनी, मोहनगंज, खिरनीबाग, सदर बाजार, आवास विकास कॉलोनी, चिनौर में व्यापक स्तर पर सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। जोन–2 के अर्न्तगत सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री हरवंश कुमार दीक्षित द्वारा घण्टाघर, अम्बेडकर पार्क, मशीनरी मार्केट, बहादुरगंज, खिरनीबाग, कृष्णानगर कॉलोनी, चमकनी करबला, अंटा चौराहा, ब्रज बिहार कॉलोनी में सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। जोन–3 के अर्न्तगत– सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री राजमंगल द्वारा तहसील, बेरी चौकी, सीतापुर आई0 हॉस्पिटल, कोतवाली, पूराना जिला अस्पताल में सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। जोन–04 के अन्तर्गत सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री चन्द्रवीर सिंह सागर द्वारा गर्राघाट स्थित स्वर्गधाम, जिला अस्पताल, भारद्वाजी, अजीजगंज रैन बसेरा, चौक, रगंमहला एवं अन्य क्षेत्रो में सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। जोन–5 के अर्न्तगत सफाई एवं खाद्य निरीक्षक सुनील कुमार शाक्य द्वारा ख्वाजा फिरोज, तारीन गाड़ीपुरा, आदर्शनगर कॉलोनी, चर्च कॉलोनी, फत्तेपुर रेती, गड़ी गाड़ीपुरा में सेनेटाइजेशन का अभियान संचालित किया गया। इसके अतिरिक्त नगर आयुक्त महोदय के निर्देश पर नगर में बने धार्मिक स्थलो, मुख्य बाजारों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों एवं सार्वजनिक स्थलों आदि पर सेनेटाइजेंशन का कार्य किया गया। इस अभियान के दौरान लगभग 6837 स्थलों एवं 550 व्यवसायिक प्रतिष्ठानो, 05 मुख्य बाजारो जैसे– बहादुरगंज, सदर बाजार, जलालनगर बजरिया, गोविन्दगजं एवं रौजा अडडा आदि के साथ ही पेट्रोल पम्प, हास्पिटल, स्कूल, कालेज, रेलवे स्टेशन, रोडवेज, रैन बसेरा (हनमुतधाम, अजीजगंज, टाउन हाल) एवं आबादी वाले क्षेत्रों में सघन सेनेटाइजेशन कार्य कराया गया।

4. नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा जी के निर्देशानुसार कोविड–19 के दृष्टिगत एवं बरसात से पूर्व नगर के विभिन्न क्षेत्रों में नालो की सफाई का कार्य युद्व स्तर पर प्रतिदिन कराया जा रहा है। नगर आयुक्त महोदय के निर्देश पर आज दिनांक 03.06.2021 को सफाई जोन–1 में मालाराम कॉलोनी, तेलटंकी एवं ऑफीसर्स कॉलोनी में बने नाले की सफाई का कार्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री पवन कुमार, सफाई जोन–02 में खिरनीबाग सचिन बाथम जी के घर के पास में बने नाले एवं मक्कू बजरिया में बने नाले की सफाई का कार्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री हरवंश कुमार दीक्षित एवं सफाई नायक श्री राजकुमार तथा सफाई जोन–3 बेरी चौकी से मिशन स्कुल तक बने डीप ड्रेन नाले एवं हयातपुरा में बने डीप ड्रेन नाले की सफाई का कार्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री राजमंगल की देख रेख में कराया गया। सफाई जोन–4 में वाकरजई में गुरुद्वारा के सामने बने नाले की सफाई का कार्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री चन्द्रवीर सिंह सागर एवं सफाई नायक श्री रामबाबू की देख रेख में तथा सफाई जोन–5 के दलेलगंज में बने नाले की सफाई का कार्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री सुनील कुमार शाक्य की देख रेख में कराया गया।

सहायक नगर आयुक्त
नगर निगम, शाहजहॉपुर।